# IIT भुवनेश्वर ने ऑनलाइन शुरू किया नया एकेडमिक ईयर, कोरोना के कारण तीन हफ्ते देरी से शुरू हुआ सेशन

By [Newsjojo] August 30, 2020 Share

- Hindi News
- Career
- IIT Bhubaneswar Starts New Academic Year, Session Begins Three Weeks Late Due To Corona

12 मिनट पहले

- • कॉपी लिंक

- महामारी की वजह से ऑनलाइन मोड के जरिए लिया क्लास शुरू करने का फैसला
- ऑन-रोल स्टूडेंट्स के साथ ही न्यू स्टूडेंट्स के लिए शुरू नया एकेडमिक ईयर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (IIT), भुवनेश्वर ने कोविद -19 महामारी के बीच अपने ऑन-रोल स्टूडेंट्स के साथ ही न्यू स्टूडेंट्स (एमटेक, एमएससी और पीएचडी) के लिए नए एकेडमिक ईयर के लिए क्लासेस शुरू कर दी है। संस्थान ने एक बयान में कहा कि कैंपस में फेस-टू -फेस लगने की बजाय अब सभी क्लासेस लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए आयोजित की जा रही है।

## तीन सप्ताह की देरी शुरू हुआ सत्र

सामान्य स्थिति की तुलना में इस बार सिर्फ तीन सप्ताह की देरी के साथ, मौजूदा सेमेस्टर समय पर शुरू हो गया है। बाद में स्थिति में सुधार होने पर स्टूडेंट्स को परमिट के रूप में एक एसओपी के साथ परिसर में लाया जाएगा। इस बारे में निदेशक प्रो आर वी राजाकुमार ने कहा, " अब सिर्फ बी.टेक स्टूडेंट्स के 2020-21 बैच के की क्लासेस शुरू करना बाकी है।" यह देखते हुए कि जेईई मेन्स और

जेईई (एडवांस्ड) की परीक्षाएं सितंबर में होने वाली हैं, उन्होंने कहा कि संस्थान स्टूडेंट्स को एडमिशन देगा और कुछ महीनों के बाद अपनी क्लासेस शुरू कर देगा।

## कोरोना के कारण ऑनलाइन होगी क्लासेस

वहीं,ऑनलाइन मोड के जरिए पढ़ाई के बारे में प्रो कुमार ने कहा, "महामारी की वजह से इंस्टीट्यूट ने ऑनलाइन मोड के जरिए नए एकेडमिक ईयर को शुरू करने का फैसला किया है। इसमें कुछ कमियां और कुछ फायदे भी हैं। हमारा प्रयास नुकसान को कम करने और फायदे को बढ़ाने में होना चाहिए। सीखना शिक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है और इसलिए एक छात्र की भूमिका, एक मेन स्टेकहोल्डर के रूप में सफलता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, निदेशक ने कहा।

https://www.newsjojo.in/iit-bhubaneswar-starts-new-academic-year-session-begins-three-weeks-late-due-to-corona-iit/